रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८ /२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 27/11/2025 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Science**

**Q.1** **निम्नलिखित कार्बनिक यौगिकों में से कौन-सा संतृप्त है?**

**Ans**
✔ A. ब्रोमोप्रोपेन (Bromopropane)
✘ B. 2-ब्रोमोप्रोपीन (2-Bromopropene)
✘ C. प्रोपाइन(Propyne)
✘ D. प्रोपीन (Propene)

**Q.2** **निम्नलिखित में से किसमें ऋजु-श्रृंखला वाले हाइड्रोकार्बन होते हैं?**

**Ans**
✘ A. 2-मेथिलप्रोपेन
✘ B. आइसोब्यूटेन
✔ C. ब्यूटेन
✘ D. 3-मेथिलपेंटेन

**Q.3** **निम्नलिखित में से किसमें सबसे अधिक अम्लीयता होती है?**

**Ans**
✘ A. जल
✘ B. सिरका
✔ C. नींबू का रस
✘ D. दूध

**Q.4** **निम्नलिखित में से कौन-सा, सबसे तेजी से विसरण दर्शाएगा?**

**Ans**
✔ A. गैस में गैस
✘ B. ठोस में ठोस
✘ C. द्रव में ठोस
✘ D. गैस में द्रव

**Q.5** **विद्युत ऊर्जा, शक्ति और समय के बीच क्या संबंध होता है?**

**Ans**
✘ A. ऊर्जा = समय – शक्ति
✔ B. ऊर्जा = शक्ति × समय
✘ C. ऊर्जा = शक्ति + समय
✘ D. ऊर्जा = शक्ति/समय

Q.6 जब बंदूक चलाई जाती है तो गोली आगे की ओर बढ़ती है क्योंकि ...............।

Ans
- ✗ A. बैरल कोई बल नहीं लगाता
- ✗ B. गुरुत्वाकर्षण इसे आगे की ओर धकेलता है
- ✗ C. वायु प्रतिरोध आगे की ओर कार्य करता है
- ✓ D. बंदूक की प्रतिक्षेप प्रतिक्रिया के रूप में पीछे की ओर कार्य करती है

Q.7 निम्नलिखित में से किस विधि में जंग लगने से बचाने के लिए इस्पात और लोहे पर जिंक की परत का विलेपन शामिल है?

Ans
- ✗ A. विद्युत-लेपन
- ✗ B. कैथोडी रक्षण
- ✗ C. निश्चेष्टन
- ✓ D. गैल्वेनीकरण

Q.8 सामान्यतः किस पोषी स्तर पर जीवों की संख्या सबसे कम होती है?

Ans
- ✗ A. प्राथमिक उपभोक्ता
- ✓ B. तृतीयक उपभोक्ता
- ✗ C. उत्पादक
- ✗ D. द्वितीयक उपभोक्ता

Q.9 निम्नलिखित में से कौन-सा मानव रोग, यौन क्रिया (sexual act) के दौरान संचारित हो सकता है?

Ans
- ✗ A. मधुमेह
- ✗ B. कैंसर
- ✗ C. प्रोटीन ऊर्जा कुपोषण
- ✓ D. उपार्जित प्रतिरक्षा न्यूनता संलक्षण

Q.10 5C आवेश (Q) को 15 V विभवान्तर वाले दो बिन्दुओं पर ले जाने में कितना कार्य (W) किया जाता है?

Ans
- ✗ A. 3 J
- ✓ B. 75 J
- ✗ C. 15 J
- ✗ D. 1/3 J

Q.11 निम्नलिखित में से कौन-सा पादप, पर्ण के कोरों पर मुकुलन द्वारा अलैंगिक रूप से पुनरुत्पादन करता है?

Ans
- ✗ A. आम (Mango)
- ✓ B. ब्रायोफिलम (Bryophyllum)
- ✗ C. स्पाइरोगाइरा (Spirogyra)
- ✗ D. हाइड्रा (Hydra)

Q.12 लेंस द्वारा उत्पन्न आवर्धन, वस्तु-दूरी (u) और प्रतिबिंब-दूरी (v) से किस सूत्र द्वारा संबंधित है?

Ans
- ✗ A. m = u / v
- ✗ B. m = u + v
- ✗ C. m = v – u
- ✓ D. m = v / u

Q.13 निम्नलिखित में से कौन-सा प्रेक्षण सर्वोत्तम रूप से इसकी व्याख्या करता है कि द्रवों का आयतन निश्चित होता है लेकिन उनकी आकृति निश्चित नहीं होती?

Ans
- ✗ A. एक स्पंज को निष्पीडित करने पर उसकी आकृति बदल जाती है
- ✗ B. एक ठोस लोहे का टुकड़ा किसी भी पात्र में अपनी आकृति बनाए रखता है
- ✓ C. जल, अपने पात्र की आकृति को ग्रहण कर लेता है, लेकिन इसका आयतन वही बना रहता है
- ✗ D. वायु पूरे पात्र में प्रसारित हो जाती है

**Q.14** निम्नलिखित में से कौन-सा गैसों का एक अभिलक्षण है?

Ans
- ✗ A. संपीड्य, लेकिन द्रव नहीं
- ✗ B. निश्चित आकार और आयतन
- ✓ C. कोई निश्चित आकार और कोई निश्चित आयतन नहीं
- ✗ D. कोई निश्चित आकार नहीं, लेकिन आयतन निश्चित

**Q.15** निम्नलिखित में से किस कोशिका अंगक में ATP-जनरेटिंग रासायनिक अभिक्रियाओं हेतु पर्याप्त पृष्ठीय क्षेत्रफल होता है?

Ans
- ✗ A. रसधानी (Vacuoles)
- ✗ B. लयनकाय (Lysosomes)
- ✗ C. कोशिका भित्ति (Cell wall)
- ✓ D. सूत्रकणिका (Mitochondria)

**Q.16** चन्द्रमा पर किसी पिंड का भार पृथ्वी की अपेक्षा कम होता है, क्योंकि_______________।

Ans
- ✗ A. चंद्रमा पर पिंड का द्रव्यमान घटता है
- ✗ B. चंद्रमा का द्रव्यमान पृथ्वी के द्रव्यमान के बराबर है
- ✗ C. चंद्रमा पर वायुमंडल नहीं है
- ✓ D. चंद्रमा पर गुरूत्वीय त्वरण कम होता है

**Q.17** 'm' kg द्रव्यमान का एक पिंड पृथ्वी की सतह से 'h' m की ऊंचाई पर रखा गया है। इस पिंड की स्थितिज ऊर्जा क्या होगी?

Ans
- ✓ A. mgh
- ✗ B. m2gh
- ✗ C. hg/m
- ✗ D. mh/g

**Q.18** ऑक्सीजन जैसे सूक्ष्म अणु, कोशिका झिल्ली से आसानी से क्यों गुजर सकते हैं, लेकिन स्टार्च या प्रोटीन जैसे बड़े अणु नहीं गुजर सकते?

Ans
- ✗ A. कोशिका झिल्ली पूरी तरह से ठोस होती है।
- ✗ B. प्रवेश के लिए बड़े अणुओं को टूटना पड़ता है।
- ✓ C. कोशिका झिल्ली, चयनात्मक पदार्थों के लिए पारगम्य होती है।
- ✗ D. छोटे अणुओं में आगे बढ़ने के लिए विशेष ऊर्जा होती है।

**Q.19** किसी मेज पर मंद आघात करने पर उत्पन्न ध्वनि के मृदु होने का क्या कारण है?

Ans
- ✓ A. कंपन का आयाम छोटा होता है
- ✗ B. तरंगदैर्ध्य लघु हो जाती है
- ✗ C. ध्वनि की चाल कम हो जाती है
- ✗ D. कंपन की आवृत्ति निम्न होती है

**Q.20** HIV संचरण के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

Ans
- ✗ A. HIV ऐरोसोल के माध्यम से संचारित हो सकता है।
- ✓ B. HIV यौन क्रियाओं से संचारित हो सकता है।
- ✗ C. HIV मच्छर के काटने से संचारित हो सकता है।
- ✗ D. HIV आकस्मिक संपर्क से संचारित हो सकता है।

**Q.21** एकल फसल खेती की तुलना में अंतरासस्यन (intercropping) किस प्रकार लाभदायक है?

Ans
- ✗ A. सिंचाई की आवश्यकताओं में वृद्धि करता है
- ✗ B. कम भूमि की आवश्यकता होती है
- ✗ C. श्रम लागत कम करता है
- ✓ D. पोषक तत्वों का कुशलतापूर्वक उपयोग करता है और रोगों के प्रसार को रोकता है

Q.22 एक कार विरामावस्था से चलना शुरू करती है और 5 सेकंड तक समान रूप से 2 $m/s^2$ पर त्वरित होती है। कार का अंतिम वेग क्या है?

Ans
- ✗ A. 15 m/s
- ✓ B. 10 m/s
- ✗ C. 5 m/s
- ✗ D. 20 m/s

Q.23 जब कार्बन डाइऑक्साइड को चूने के पानी से होकर प्रवाहित किया जाता है, तो __________ अवक्षेपित होता है।

Ans
- ✓ A. CaCO3
- ✗ B. CaSO4
- ✗ C. Ca(OH)2
- ✗ D. Ca(HCO3)2

Q.24 माइटोकॉन्ड्रिया इसलिए विशेष हैं क्योंकि उनमें स्वयं का DNA और राइबोसोम पाए जाते हैं। इस आधार पर उसके क्या कार्य हैं?

Ans
- ✗ A. कोशिका में स्वयं विचरण करना
- ✓ B. अपने स्वयं के कुछ प्रोटीन बनाना
- ✗ C. लाइसोसोम की तरह सामग्रियों का पाचन करना
- ✗ D. पौधों के समान सूर्य के प्रकाश का उपयोग करके भोजन बनाना

Q.25 एक उत्तल दर्पण के ध्रुव और वक्रता केंद्र के बीच की दूरी + 40 cm है। इस दर्पण के ध्रुव और फोकस के बीच दूरी कितनी होगी?

Ans
- ✗ A. + 40 cm
- ✗ B. −40 cm
- ✓ C. + 20 cm
- ✗ D. −20 cm

Section : **Mathematics**

Q.26 एक पर्स में केवल ₹5 और ₹10 के सिक्के हैं। सिक्कों की कुल संख्या 118 है और उनका कुल मूल्य ₹855 है। ₹5 के कितने सिक्के हैं?

Ans
- ✓ A. 65
- ✗ B. 56
- ✗ C. 55
- ✗ D. 53

Q.27 एक वॉशिंग मशीन की कीमत एक TV की कीमत से 40% कम है। यदि वॉशिंग मशीन की कीमत 80% बढ़ जाती है और TV की कीमत 22% कम हो जाती है, तो 7 वॉशिंग मशीनों और 6 TV की कुल कीमत में कितने प्रतिशत परिवर्तन होगा?

Ans
- ✗ A. 21% की वृद्धि
- ✗ B. 18% की कमी
- ✓ C. 20% की वृद्धि
- ✗ D. 15% की कमी

Q.28 प्रथम 50 सम प्राकृत संख्याओं का औसत कितना है?

Ans
- ✗ A. 54
- ✗ B. 52
- ✓ C. 51
- ✗ D. 50

**Q.29** यदि ₹485 अंकित मूल्य वाली एक वस्तु को ₹293 में बेचा जाता है, तो छूट प्रतिशत क्या है? (अपने उत्तर को दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित करें)।

**Ans**
- ✔ A. 39.59%
- ✘ B. 38.99%
- ✘ C. 36.76%
- ✘ D. 42.85%

**Q.30** $4 \div 24 + 3.6 \times \frac{1}{9} - \left\{\frac{1}{15} + (1 - 1.5)\right\}$ को सरल कीजिए।

**Ans**
- ✘ A. 2
- ✘ B. 0
- ✘ C. 3
- ✔ D. 1

**Q.31** 11 व्यक्ति 19 दिनों में 59 फीट गहरा कुआँ खोद सकते हैं। कितने व्यक्ति 2 दिनों में 118 फीट गहरा कुआँ खोद सकते हैं?

**Ans**
- ✔ A. 209
- ✘ B. 208
- ✘ C. 206
- ✘ D. 211

**Q.32** 267 मीटर और 153 मीटर लंबी दो ट्रेनें समान दिशा में क्रमशः 162 km/hr और 36 km/hr की चाल से चल रही हैं। तेज़ चलने वाली ट्रेन को धीमी चलने वाली ट्रेन को पूरी तरह से ओवरटेक करने में कितना समय लगेगा?

**Ans**
- ✘ A. 22 सेकंड
- ✔ B. 12 सेकंड
- ✘ C. 17 सेकंड
- ✘ D. 18 सेकंड

**Q.33** किसी कक्षा में 51 विद्यार्थियों की औसत आयु 24 वर्ष है। यदि शिक्षक की आयु भी शामिल कर ली जाए, तो पूरे समूह की औसत आयु 25 वर्ष हो जाती है। शिक्षक की आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✘ A. 77
- ✘ B. 75
- ✔ C. 76
- ✘ D. 71

**Q.34** $\frac{[72 \div \{6 \times (3 + 2)\} + 5^2 - 8] \times 5}{97}$ को सरल करें।

**Ans**
- ✘ A. 5
- ✘ B. 3
- ✘ C. 7
- ✔ D. 1

**Q.35** 3 पुरुष किसी कार्य को 20 दिन में कर सकते हैं। कितने पुरुष उस कार्य को 2 दिन में पूरा करेंगे?

**Ans**
- ✘ A. 31
- ✘ B. 32
- ✘ C. 33
- ✔ D. 30

| | | |
|---|---|---|
| Q.36 | एक गोले के आयतन और एक अर्धगोले के संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल का अनुपात 28 : 3 है। यदि गोले और अर्धगोले की त्रिज्याएँ बराबर हैं, तो गोले का आयतन (घन सेंटीमीटर में) ज्ञात कीजिए।<br>$(\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग करें) | |
| Ans | ✗ A. 38,460<br>✗ B. 38,208<br>✗ C. 38,542<br>✓ D. 38,808 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.37 | अनमोल और आयुषी ने मिलकर एक व्यवसाय में ₹46,600 का निवेश किया। वर्ष के अंत में, ₹7,500 के कुल लाभ में से अनमोल का हिस्सा ₹2,700 था। अनमोल का निवेश कितना था? | |
| Ans | ✗ A. ₹17,240<br>✓ B. ₹16,776<br>✗ C. ₹16,080<br>✗ D. ₹18,740 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.38 | यदि 32 और 24 का तृतीयानुपाती x है, तो x का मान कितना होगा? | |
| Ans | ✓ A. 18<br>✗ B. 20<br>✗ C. 16<br>✗ D. 17 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.39 | A, B और C एक काम को क्रमशः 3, 8 और 24 दिनों में पूरा कर सकते हैं। एक साथ काम करते हुए, उसी काम का तीन गुना काम करने में उन्हें कितना समय (दिन में) लगेगा? | |
| Ans | ✗ A. 18<br>✓ B. 6<br>✗ C. 7<br>✗ D. 12 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.40 | एक व्यक्ति अपनी आय के 60% की बचत करता है। यदि उसका व्यय ₹440 है, तो उसकी आय (₹ में) ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | ✗ A. 1,140<br>✗ B. 264<br>✓ C. 1,100<br>✗ D. 176 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.41 | यदि $x^2 + 1 = 2x$ है, तो $(x^4 - 1)$ निम्नलिखित में से किसके बराबर होगा? | |
| Ans | ✗ A. 2x<br>✗ B. x<br>✓ C. 0<br>✗ D. 1 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.42 | ΔPMN में, ∠P = 76° है। M और N पर बाह्य कोणों के समद्विभाजक एक दूसरे को बिंदु O पर प्रतिच्छेद करते हैं। ∠MON का अंश में माप कितना है? | |
| Ans | ✗ A. 128°<br>✓ B. 52°<br>✗ C. 38°<br>✗ D. 104° | |

Q.43 यदि $\cos\theta = \frac{5}{13}$ है, तो $\sqrt{\frac{1-\sin\theta}{1+\sin\theta}}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. $\frac{12}{13}$

✗ B. $\frac{1}{25}$

✗ C. $\frac{1}{3}$

✓ D. $\frac{1}{5}$

Q.44 ₹6,500 की राशि पर वार्षिक रूप से संयोजित 20% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से 2 वर्षों में प्राप्त मिश्रधन ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ A. ₹9,431

✗ B. ₹10,274

✓ C. ₹9,360

✗ D. ₹8,411

Q.45 एक त्रिभुजाकार मैदान की भुजाएँ 42 cm, 34 cm और 20 cm हैं। सबसे लंबी भुजा के संगत शीर्ष लंब (altitude) की लंबाई कितनी है?

Ans

✗ A. 20 cm

✓ B. 16 cm

✗ C. 18 cm

✗ D. 15 cm

Q.46 चार बच्चों I, J, K और L की औसत आयु 9 वर्ष है और I, J, L, M की औसत आयु 12 वर्ष है। K की आयु 5 वर्ष है। M की आयु (वर्षों में) कितनी है।

Ans

✗ A. 20

✓ B. 17

✗ C. 19

✗ D. 18

Q.47 एक वस्तु को 29% की छूट पर बेचने के बाद प्राप्त लाभ प्रतिशत 4% है, तो वस्तु का मूल्य कितने प्रतिशत (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) बढ़ाकर अंकित किया गया?

Ans

✗ A. 45.31%

✓ B. 46.48%

✗ C. 48.51%

✗ D. 47.05%

Q.48 84 km/hr की चाल से चल रही एक रेलगाड़ी P, समान्तर पटरियों पर समान दिशा में 54 km/hr की चाल से चल रही 447 m लंबी रेलगाड़ी Q को 4.5 मिनट में पूरी तरह से पार कर लेती है। रेलगाड़ी P को विपरीत दिशा में 87 km/hr की चाल से चल रही 287 m लंबी रेलगाड़ी R को पूरी तरह से पार करने में कितना समय (सेकंड में) लगेगा?

Ans

✓ A. 44

✗ B. 39

✗ C. 34

✗ D. 36

| | |
|---|---|
| Q.49 | मोहन एक घड़ी ₹460 में खरीदता है और उसे ₹483 में बेच देता है। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 5.5% |
| | ✗ B. 4% |
| | ✓ C. 5% |
| | ✗ D. 4.7% |

| | |
|---|---|
| Q.50 | $\frac{2}{60}$ का कितना प्रतिशत $\frac{1}{20}$ है? |
| Ans | ✗ A. 165% |
| | ✗ B. 160% |
| | ✓ C. 150% |
| | ✗ D. 300% |

Section : **General Intelligence and Reasoning**

| | |
|---|---|
| Q.51 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>267 237 209 183 159 ? |
| Ans | ✓ A. 137 |
| | ✗ B. 128 |
| | ✗ C. 133 |
| | ✗ D. 145 |

| | |
|---|---|
| Q.52 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।<br><br>कथन:<br>कुछ संतरे, आड़ू हैं।<br>कोई आड़ू, गाजर नहीं है।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I) कुछ संतरे, गाजर हैं।<br>(II) सभी गाजर, आड़ू हैं। |
| Ans | ✗ A. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। |
| | ✗ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। |
| | ✓ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। |
| | ✗ D. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। |

| | |
|---|---|
| Q.53 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br>GMP IOR KQT MSV ? |
| Ans | ✓ A. OUX |
| | ✗ B. PVX |
| | ✗ C. OUY |
| | ✗ D. QVX |

| | |
|---|---|
| Q.54 | सात बॉक्स B, C, D, I, J, K और L, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। C के ऊपर केवल I को रखा गया है। C और J के बीच केवल L को रखा गया है। D के नीचे केवल K को रखा गया है। B और I के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं? |
| Ans | ✗ A. एक |
| | ✓ B. तीन |
| | ✗ C. दो |
| | ✗ D. चार |

**Q.55** मुकेश बिंदु A से गाड़ी चलाना शुरू करता है और उत्तर दिशा में 14 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 9 km गाड़ी चलाता है, फिर बाएं मुड़ता है और 17 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 13 km गाड़ी चलाता है। वह अंत में बाएं मुड़ता है, 3 km गाड़ी चलाता है, और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के हैं, जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो।)

**Ans**
- ✗ A. पूर्व में 4 km
- ✗ B. पश्चिम में 5 km
- ✗ C. पूर्व में 5 km
- ✓ D. पश्चिम में 4 km

**Q.56** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित रूप से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
- ✓ A. IL - EL
- ✗ B. MP - IL
- ✗ C. OR - KN
- ✗ D. PS - LO

**Q.57** हेमंत, बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और पूर्व की ओर 3 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, और 5 km ड्राइव करता है, फिर वह दाएं मुड़ता है और 6 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 5 km ड्राइव करता है। अंत में वह बाएं मुड़ता है, और 8 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) तक और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

**Ans**
- ✗ A. दक्षिण की ओर 5 km
- ✗ B. उत्तर की ओर 7 km
- ✓ C. पूर्व की ओर 11 km
- ✗ D. पश्चिम की ओर 11 km

**Q.58** निम्नलिखित त्रिकों में, प्रत्येक अक्षर-समूह एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए, जो समान तर्क का अनुसरण करता हो।
**MIST - TIMS - ISMT**
**HOPE - EOHP - OPHE**

**Ans**
- ✗ A. WIDE - EIWD - DIWE
- ✗ B. NUMB - NMUB - BMUN
- ✓ C. BUSY - YUBS - USBY
- ✗ D. PUTS - UPTS - SUTP

**Q.59** निम्नलिखित संख्या श्रृंखला को देखें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें (सभी संख्याएँ केवल एक अंकीय संख्याएँ हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं करनी है।

(बाएं) 5 7 1 8 4 2 3 9 5 7 6 1 (दाएं )

ऐसी कितनी सम संख्याएँ हैं जिनके तुरंत बाद विषम संख्या है?

**Ans**
- ✓ A. दो
- ✗ B. एक
- ✗ C. तीन से अधिक
- ✗ D. तीन

**Q.60** एक निश्चित कूट भाषा में, 'ROME' को '1398' और 'DEMO' को '4138' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'D' के लिए कूट क्या है?

**Ans**
- ✗ A. 1
- ✓ B. 4
- ✗ C. 3
- ✗ D. 8

| | | |
|---|---|---|
| Q.61 | A, B, C, R, S, T और U एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। U के बाएं से गिनने पर C और U के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। A के बाएं तीसरे स्थान पर B बैठा है। A के ठीक दाईं ओर T बैठा है। C के बाएं दूसरे स्थान पर T बैठा है। R, B का निकटतम पड़ोसी नहीं है। S के दाएं तीसरे स्थान पर कौन बैठा है? | |
| Ans | ✗ A. C<br>✓ B. T<br>✗ C. A<br>✗ D. U | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.62 | यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>11 B 22 C 288 A 18 D 50 = ? | |
| Ans | ✗ A. 212<br>✓ B. 208<br>✗ C. 202<br>✗ D. 220 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.63 | यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>21 B 16 C 20 D 26 A 2 = ? | |
| Ans | ✓ A. 343<br>✗ B. 340<br>✗ C. 342<br>✗ D. 341 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.64 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।<br><br>कथन:<br>कुछ धान, चावल हैं।<br>कुछ चावल, गेहूँ हैं।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I) कुछ धान, गेहूँ हैं।<br>(II) सभी गेहूँ, चावल हैं। | |
| Ans | ✗ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।<br>✓ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।<br>✗ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।<br>✗ D. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं । | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.65 | एक निश्चित कूट भाषा में,<br>A + B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है',<br>A @ B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',<br>A - B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और<br>A # B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।<br>उपरोक्त के आधार पर, यदि 'O + P @ T - G # V' है तो O का V से क्या संबंध है? | |
| Ans | ✓ A. माता की बहन<br>✗ B. बहन<br>✗ C. माता की माता<br>✗ D. माता | |

| | |
|---|---|
| Q.66 | उस सेट का चयन कीजिए।जिसमें संख्याएं उसी तरह संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।<br>(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि 13 पर की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)<br><br>**(3, -2, 11)**<br>**(46, 2107, 9)** |
| Ans | ✗ A. (38, 1433, 10)<br>✓ B. (34, 1135, 21)<br>✗ C. (33, 1081, 7)<br>✗ D. (25, 607, 17) |

| | |
|---|---|
| Q.67 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>**2 4 12 24 72 ?** |
| Ans | ✗ A. 124<br>✗ B. 92<br>✗ C. 136<br>✓ D. 144 |

| | |
|---|---|
| Q.68 | किसी निश्चित कूट भाषा में, ‘nail post fish’ को 'pl mg qn' के रूप में और ‘fish urn knife’ को ‘ix pl ko’ के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई भाषा में ‘fish’ को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा? |
| Ans | ✗ A. mg<br>✗ B. qn<br>✓ C. pl<br>✗ D. ix |

| | |
|---|---|
| Q.69 | निम्नलिखित प्रश्न दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।<br><br>**(बाएँ) 593 784 358 631 296 (दाएँ)**<br>(उदाहरण के लिए- 697 - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)<br>नोट - सभी संक्रियाएँ बाएँ से दाएँ की ओर की जानी चाहिए।<br><br>यदि सबसे बड़ी संख्या के तीसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक में जोड़ा जाए, तो परिणाम क्या प्राप्त होगा? |
| Ans | ✗ A. 10<br>✗ B. 17<br>✗ C. 14<br>✓ D. 13 |

| | |
|---|---|
| Q.70 | नीचे दी गई संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।<br>(नोट: सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।)<br><br>**(बाएं) 3 1 3 9 6 3 4 1 1 5 6 9 9 6 8 9 7 5 6 6 2 (दाएं)**<br><br>ऐसे कितने सम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक पूर्ण वर्ग है तथा ठीक बाद में एक सम अंक है? |
| Ans | ✓ A. 1<br>✗ B. 2<br>✗ C. 4<br>✗ D. 3 |

Q.71 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. GMJ
- ✗ B. IOL
- ✗ C. PVS
- ✓ D. CIE

Q.72 A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। C, D के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। E, C के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। B और C का निकटतम पड़ोसी F है। G, D का निकटतम पड़ोसी नहीं है। G के बाईं ओर से गिनने पर A और G के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. एक
- ✗ B. तीन
- ✓ C. चार
- ✗ D. दो

Q.73 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से, SDFH का संबंध VYIC से है। उसी तरीके से, EJRN का संबंध HEUI से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, NUAY का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?

Ans
- ✓ A. QPDT
- ✗ B. QPYU
- ✗ C. QWET
- ✗ D. QSER

Q.74 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

GKN19 HLO26 IMP33 JNQ40 ?

Ans
- ✗ A. KOS47
- ✗ B. KOR48
- ✓ C. KOR47
- ✗ D. KOS48

Q.75 यदि + का अर्थ – है, – का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

43 – 17 ÷ 147 + 362 × 2 = ?

Ans
- ✗ A. 691
- ✗ B. 699
- ✗ C. 695
- ✓ D. 697

Q.76 सात व्यक्ति, B, C, D, I, J, K और L एक गोल मेज के परितः, केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। D के ठीक बाईं ओर पड़ोस में I बैठा है। B और K दोनों का निकटतम पड़ोसी J है। D के बाईं ओर तीसरे स्थान पर K बैठा है। K का निकटतम पड़ोसी L नहीं है। C के दाईं ओर दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
- ✓ A. D
- ✗ B. J
- ✗ C. K
- ✗ D. I

Q.77 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 742 912 853 657 154 (दाएं)

(उदाहरण के लिए: 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोटः सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की ओर की जानी है।)

यदि सभी संख्याओं को अवरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने संख्याओं का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans
- ✗ A. चार
- ✗ B. तीन
- ✓ C. दो
- ✗ D. एक

Q.78 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से, EFJL का संबंध HKMQ से है। उसी तरीके से, QZVF का संबंध TEYK से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, ZOEU का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?

Ans
- ✗ A. CTZS
- ✓ B. CTHZ
- ✗ C. CTYU
- ✗ D. CGFR

Q.79 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

834 840 848 ? 870 884

Ans
- ✗ A. 855
- ✓ B. 858
- ✗ C. 856
- ✗ D. 854

Q.80 रमन अपनी कक्षा में ऊपर से 31वें और नीचे से 12वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
- ✗ A. 41
- ✗ B. 40
- ✗ C. 43
- ✓ D. 42

## Section : General Awareness and Current Affairs

Q.81 भारत ने अपने समुद्री रक्षा बुनियादी ढांचे को उन्नत बनाने के लिए 'हॉकआई 360' की अत्याधुनिक निगरानी तकनीक हासिल करने हेतु मई 2025 में किस देश के साथ $131 मिलियन का सौदा किया?

Ans
- ✗ A. दक्षिण अफ्रीका
- ✓ B. संयुक्त राज्य अमेरिका
- ✗ C. जर्मनी
- ✗ D. न्यूज़ीलैंड

Q.82 'जीनोमइंडिया (GenomeIndia)' प्रोजेक्ट ने अप्रैल 2025 में हजारों व्यक्तियों के डेटाबेस पर संपूर्ण जीनोम अनुक्रमण (WGS) पूरा कर लिया है। यह प्रोजेक्ट किस वर्ष शुरू किया गया था?

Ans
- ✓ A. 2020
- ✗ B. 2014
- ✗ C. 2019
- ✗ D. 2023

Q.83 राष्ट्रीय नर्स दिवस 2025 की थीम, 'हमारी नर्सें। हमारा भविष्य। नर्सों की देखभाल से अर्थव्यवस्थाएँ सशक्त होती हैं (Our Nurses. Our Future. Caring for nurses strengthens economies)' थी। भारत में यह दिवस कब मनाया गया?

Ans
- ✗ A. 7 अगस्त
- ✓ B. 12 मई
- ✗ C. 7 जून
- ✗ D. 6 जुलाई

Q.84 राष्ट्रीय उद्यानों और संरक्षित क्षेत्रों के प्रबंधन प्रभावशीलता मूल्यांकन (MEE) 2020-2025 में किन दो राष्ट्रीय उद्यानों ने 92.97% का उच्चतम स्कोर हासिल किया?

Ans
- ✗ A. बांदीपुर और कान्हा
- ✓ B. एराविकुलम और दाचीगाम
- ✗ C. गिर और काजीरंगा
- ✗ D. पेरियार और सुंदरबन

Q.85 रग्बी लीग के किस दिग्गज खिलाड़ी को खेल के 130-साल के इतिहास में नाइटहुड (knighthood) की उपाधि प्राप्त करने वाला पहला खिलाड़ी बना, जिसे 2025 में बकिंघम पैलेस में किंग चार्ल्स द्वारा सम्मानित किया गया?

Ans
- ✓ A. बिली बोस्टन (Billy Boston)
- ✗ B. केविन सिनफील्ड (Kevin Sinfield)
- ✗ C. मार्टिन ऑफियाह (Martin Offiah)
- ✗ D. एलेरी हेनले (Ellery Hanley)

Q.86 प्रधानमंत्री ने वर्ष 2025 में किस शहर में वन्यजीवों के लिए नेशनल रेफरल सेंटर की आधारशिला रखी?

Ans
- ✗ A. पुणे
- ✓ B. जूनागढ़
- ✗ C. अहमदाबाद
- ✗ D. वडोदरा

Q.87 जून 2025 में, भारतीय रिजर्व बैंक ने ऋणदाताओं को महत्वपूर्ण रूप से राहत प्रदान करते हुए परियोजना वित्त प्रावधान हेतु आसान मानदंड प्रस्तुत किए, जो ____________ से प्रभावी होगी।

Ans
- ✓ A. 1 अक्टूबर 2025
- ✗ B. 1 नवंबर 2025
- ✗ C. 1 अगस्त 2025
- ✗ D. 1 सितंबर 2025

Q.88 सामाजिक सेवा (पूर्वोत्तर भारत) में अपने कार्य के लिए किसे 2025 में पद्मश्री प्राप्त हुआ?

Ans
- ✗ A. बीनालक्ष्मी नेपराम (Binalakshmi Nepram)
- ✓ B. जुमदे योमगाम (Jumde Yomgam)
- ✗ C. आनंद कुमार (Anand Kumar)
- ✗ D. किरण मजूमदार-शॉ (Kiran Mazumdar-Shaw)

Q.89 मई 2025 में, भारत के राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार दिए गए। ये पुरस्कार निम्नलिखित में से किसे दिए जाते हैं?

Ans
- ✗ A. डॉक्टरों
- ✗ B. शिक्षण संस्थानों
- ✓ C. नर्सिंग पेशेवरों
- ✗ D. शिक्षण पेशेवर

**Q.90** सतत ऊर्जा विकास की दिशा में एक मजबूत पुश का संकेत देते हुए, भारत में स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन क्षमता 2014-15 में 64.04 वाट प्रति व्यक्ति से बढ़कर 2024-25 में प्रति व्यक्ति, किस स्तर तक पहुंच गई?

**Ans**
- ✗ A. 98.63 वाट
- ✓ B. 156.31 वाट
- ✗ C. 110.36 वाट
- ✗ D. 85.21 वाट

**Q.91** संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित 12 अप्रैल 2025 को पहली बार कौन-सा अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया गया?

**Ans**
- ✗ A. अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छ ऊर्जा दिवस
- ✗ B. सभ्यताओं के बीच संवाद के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस
- ✓ C. अंतर्राष्ट्रीय मानव अंतरिक्ष उड़ान दिवस
- ✗ D. अंतर्राष्ट्रीय पादप स्वास्थ्य दिवस

**Q.92** जनवरी 2025 में किस राज्य के उच्च न्यायालय ने आदेश दिया है कि लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले व्यक्तियों को वित्तीय जिम्मेदारियों और बच्चों की देखभाल के प्रावधानों को रेखांकित करने वाले कानूनी अनुबंध पर हस्ताक्षर करना होगा?

**Ans**
- ✗ A. महाराष्ट्र
- ✗ B. गोवा
- ✗ C. गुजरात
- ✓ D. राजस्थान

**Q.93** जनवरी 2025 में, किस संगठन को स्वास्थ्य श्रेणी में 2025 जायद सस्टेनेबिलिटी प्राइज (Zayed Sustainability Prize) प्रदान किया गया?

**Ans**
- ✓ A. पेरिविंकल टेक्नोलॉजीज (Periwinkle Technologies)
- ✗ B. लास्ट माइल हेल्थ (Last Mile Health)
- ✗ C. PATH
- ✗ D. डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (Doctors Without Borders)

**Q.94** 2025 में लॉरियस वर्ल्ड टीम ऑफ द ईयर (Laureus World Team of the Year) का पुरस्कार किस टीम ने जीता?

**Ans**
- ✗ A. लॉस एंजिल्स लेकर्स (Los Angeles Lakers)
- ✓ B. रियल मैड्रिड (Real Madrid)
- ✗ C. बार्सिलोना (Barcelona)
- ✗ D. स्पेन ओलंपिक फुटबॉल टीम (Spain Olympic Football Team)

**Q.95** ICRA के अनुसार, भारत के सामान्य बीमा क्षेत्र में वित्त वर्ष 26 में कितने प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है?

**Ans**
- ✗ A. 7.7%
- ✗ B. 5.7%
- ✓ C. 8.7%
- ✗ D. 6.7%

**Q.96** किस भारतीय गेंदबाज ने 25 विकेट लेकर IPL 2025 पर्पल कैप जीती?

**Ans**
- ✗ A. अर्शदीप सिंह
- ✗ B. जसप्रीत बुमराह
- ✓ C. प्रसिद्ध कृष्णा
- ✗ D. युजवेंद्र चहल

Q.97 मई 2025 में, उल्लास (ULLAS) योजना के तहत एक प्रमुख साक्षरता अभियान के बाद कौन-सा राज्य भारत का पहला पूर्ण साक्षर राज्य बनकर उभरा?

Ans

✗ A. केरल

✗ B. गुजरात

✗ C. गोवा

✓ D. मिजोरम

Q.98 2025 में डिजिटल प्रतिस्पर्धा कानून पर विशेषज्ञ समिति का नेतृत्व किस भारतीय व्यक्ति ने किया?

Ans

✗ A. मनोज जोशी

✗ B. नंदन नीलेकणि

✓ C. मनोज गोविल

✗ D. अश्विनी वैष्णव

Q.99 सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) के डेटा इन्फॉर्मेटिक्स और इनोवेशन डिवीजन ने जनवरी 2025 में डेटा इनोवेशन लैब पहल के अंतर्गत निम्नलिखित में से किस संस्थान के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए?

Ans

✗ A. अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान - हैदराबाद (IIIT-हैदराबाद)

✗ B. राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान दुर्गापुर

✓ C. इंद्रप्रस्थ सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (IIIT-दिल्ली)

✗ D. राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान वारंगल

Q.100 वीडियो के माध्यम से खेल प्रतिभाओं की पहचान करने के लिए जून 2025 में किस ऐप की घोषणा की गई?

Ans

✗ A. SAI कनेक्ट ऐप (SAI Connect App)

✗ B. खेलो इंडिया ऐप (Khelo India App)

✓ C. TOPS टैलेंट ऐप (TOPS Talent App)

✗ D. स्पोर्ट्स टैलेंट सर्च ऐप (Sports Talent Search App)

"